पेज थ्री देहरादून
योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन का लिया जायजा लेते हुए पर्यटन मंत्री।





हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यटन मंत्री महाराज ने योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन का लिया जायजा

**संवाददाता** ऋषिकेश। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना के प्रथम योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन का मौका मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने बदरीनाथ हाईवे पर शिवपुरी के पास टनल कार्य का भी निरीक्षण किया। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री देवगौड़ा के कार्यकाल में रेल राज्य मंत्री रहते हुए उन्होंने पहाड़ में रेल सेवा का जो सपना देखा था। आज वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पूरा हो रहा है।

### आपदा प्रभावित क्षेत्र के लोगों का उचित विस्थापन किये जाने की मांग की

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसजनों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने प्रदेशभर में आई प्राकृतिक आपदा से हुए भारी जानमाल के नुकसान के मामले को लेकर राज्य के मुख्य सचिव से उनके कार्यालय में मुलाकात कर दैवीय आपदा प्रभावितों को मुआवजा दिये जाने तथा आपदा प्रभावित क्षेत्र के लोगों का उचित विस्थापन किये जाने की मांग की। इस अवसर पर मुख्य सचिव को सौंपे ज्ञापन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि उत्तराखण्ड में लगातार हो रही भारी बरसात से राज्य के कई जनपदों में लोगों के जानमाल की भारी क्षति हुई है।

### पुण्यतिथि पर इंद्रमणि बडोनी की याद किए गए

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी व पर्वतीय गांधी के नाम से प्रसिद्ध इंद्रमणि बडोनी की पुण्यतिथि पर घंटाघर स्थित प्रतिमा में उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं एवं आंदोलनकारियों ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य रूप से दल के संरक्षक काशी सिंह ऐरी समेत अन्य पदाधिकारियों ने इंद्रमणि बडोनी की उत्तराखंड में दी हुई कुर्बानियों को याद किया। इस अवसर पर ऐरी ने कहा है कि आज के परिवेश में हमें स्वर्गीय इन्द्रमणि बडोनी के बताये हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

### खून से पत्र लिखकर परीक्षाएं न करवाने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई पूर्व प्रदेश सचिव अजय रावत के नेतृत्व में मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय को खून से पत्र लिखकर परीक्षाएं न करवाने और आम छात्र–छात्राओं के जीवन को संकट में ना डालने के लिए पत्र लिखा। इस अवसर पर कांग्रेस भवन में कार्यकर्ता एकत्रित हुए ओर केन्द्र सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय के खिलाफ प्रदर्शन किया और कहा गया है कि लगातार कोरोना काल में भी परीक्षायें संचालित कराई जा रही है।

# क्वांटिटी के बजाय क्वालिटी एजुकेशन पर दें अधिक ध्यान

**ई–लोकार्पण**

■ सीएम ने अन्तरराष्ट्रीय स्तर के नवीनतम उपकरणों से सुसज्जित स्मार्ट वैल्डिंग लैब का ई–लोकार्पण किया

■ राज्य में आईटीआई के आधुनिकीकरण की शुरूआत हुई

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मंगलवार को सचिवालय देहरादून से हरिद्वार के जगजीतपुर आईटीआई में स्थापित अन्तरराष्ट्रीय स्तर के नवीनतम उपकरणों से सुसज्जित स्मार्ट वैल्डिंग लैब का ई–लोकार्पण किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जगजीतपुर, आईटीआई के आधुनिकीकरण से राज्य में आईटीआई के आधुनिकीकरण की अच्छी शुरूआत हुई है। हमें क्वांटिटी के बजाय क्वालिटी एजुकेशन पर अधिक ध्यान देना होगा। उत्तराखण्ड में आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक में गुणात्मक सुधार की दिशा में विशेष प्रयास करने होंगे। जगजीतपुर में आईटीआई का जो आधुनिकीकरण किया गया है। इससे जो छात्र–छात्राएं प्रशिक्षण लेंगे। उन्हें रोजगार के अनेक अवसर मिलेंगे। इस आईटीआई में प्रशिक्षण के लिए आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग द्वारा जिन आईटीआई के आधुनिकीरण की योजना बनाई गई, यह कार्य जल्द किया जाय। यह समय कार्य के लिए उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के लिए आईटीआई में आधुनिक यंत्रों का इस्तेमाल हो। जिससे युवाओं को राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने का मौका मिल सके। उन्होंने कहा कि युवाओं के कौशल विकास के लिए सरकार, इंडस्ट्री एवं प्रशिक्षण संस्थान आपसी सामंज्य से कार्य कर रहे हैं। इससे इंडस्ट्रियों को किस क्षेत्र में काम करने वालों की डिमांड अधिक है, किन क्षेत्रों में प्रशिक्षण संस्थानों को अधिक ध्यान देने की जरूरत है एवं युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर कैसे बढ़ सकते हैं, इसकी जानकारी रहेगी।

**आईटीटाई को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जायेगा– डॉ. रणजीत सिन्हाः** सचिव कौशल विकास एवं सेवायोजन डॉ. रणजीत सिन्हा ने कहा कि श्रीनगर आईटीटाई को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जायेगा। आईटीआई के आधुनिकीकरण के लिए अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। इंडस्ट्री से निरन्तर समन्वय स्थापित किये जा रहे हैं, कि उद्योगों को किन–किन क्षेत्रों में मेन पावर की अधिक आवश्यकता है।

### राज्य में 25 आईटीआई को हाईटैक किया जा रहा हैः डॉ. हरक सिंह रावत

कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि राज्य में 25 आईटीआई को हाईटैक किया जा रहा है। राज्य सरकार का प्रयास है कि युवाओं के हाथ में हुनर हो। प्रधानमंत्री जी के स्किल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रशिक्षण संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। आईटीआई एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें युवाओं का कौशल विकास अच्छे तरीके से हो तो, इसमें रोजगार एवं स्वरोजगार की बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि जगजीतपुर हरिद्वार में आईटीआई का जो आधुनिकीकरण किया गया है, यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर युवाओं को रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। वैल्डिंग एक ऐसा कार्य है, जिसकी जरूरत हर क्षेत्र में है। प्रशिक्षण संस्थानों में संख्याबल की अपेक्षा गुणवत्ता पर अधिक ध्यान दिये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

# मेडल प्राप्त खिलाड़ियों को नौकरी देने के लिए नियमावली बनाने के निर्देश

**निर्देश**

■ अरविन्द पाण्डेय ने खेल विभाग की बैठक की



देहरादून। **संवाददाता**

प्रदेश के विद्यालयी शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, खेल, युवा कल्याण एवं पंचायती राज मंत्री अरविन्द पाण्डेय ने विधान सभा स्थित कार्यालय कक्ष में खेल विभाग की बैठक की।

उन्होंने कहा कि खेल विभाग द्वारा खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रदेश सरकार, सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने का कार्य करेगी। विशेषकर प्रदेश के कमजोर वर्ग के खिलाड़ी, जिनके पास खेलों के लिए प्रयाप्त सुविधाऐं उपलब्ध नहीं हैं, उनको सरकारी मदद की व्यवस्था की जायेगी। पाण्डेय ने सरकारी विभागों में प्रदेश के मेडल प्राप्त खिलाड़ियों को नौकरी देने के लिए नयी नियमावली बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस सम्बन्ध में इस माह के अन्त तक एक बैठक बुलाई जाय, जिसमें प्रदेश के सभी खेल एसोसिएशनों, सभी खेलों के कोचों, पूर्व नेशनल खिलाड़ियों और इस क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को भी इस बैठक में बुलाया जाए, जिससे उनके अनुभवों का लाभ लिया जा सके।

इस अवसर पर प्रभारी सचिव खेल वृजेश संत, अपर निदेशक धर्मेन्द्र भट्ट, संयुक्त निदेशक नीरज गुप्ता एवं प्रधानाचार्य राजेश मंमगाई सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### मेट्रो परियोजना में मेट्रो की विभिन्न टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जायेगाः कौशिक

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड मेट्रो परियोजना को गति देने के लिये नगर विकास मंत्री मदन कौशिक ने सचिवालय में बैठक ली। हरिद्वार, ऋषिकेश और देहरादून के 70 किमी के बीच मेट्रो परियोजना में मेट्रो की विभिन्न टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जायेगा। बैठक में मेट्रो परियोजना के रेट, यात्रियों और रूट पैटर्न पर चर्चा करते हुए परियोजना में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। हरिद्वार में पी.आर.टी., संस्कृत विश्वविद्यालय–हरिद्वार से ऋषिकेश पी.आर.टी. तथा देहरादून में रोपवे की सम्भावना पर विचार किया गया। रोपवे और पी.आर.टी. के लिए डीपीआर नवम्बर माह में मिलेगी। हर की पैड़ी से चंडी देवी तक 2.5 किमी तक रोपवे, ऋषिकेश में रोपवे तथा हरिद्वार में पी.आर.टी. के लिये जल्द कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।